भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.03.2020 के
तारांकित प्रश्न सं. 185 का उत्तर

बारामुला-कुपवाड़ा रेल संपर्क

***185. श्री अकबर लोनः**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास बारामुला से कुपवाड़ा तथा कुपवाड़ा से ललाब तक रेल संपर्क के विस्तार का कोई प्रस्ताव है/कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन रेल संपर्कों के विस्तार की मौजूदा स्थिति क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

बारामुला-कुपवाड़ा रेल संपर्क के संबंध में दिनांक 04.03.2020 को लोक सभा में श्री अकबर लोन के तारांकित प्रश्न सं.185 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): से (ग): जी हां। बारामुला और कुपवाड़ा (39 कि.मी.) के बीच नई बड़ी आमान रेल लाइन का सर्वेक्षण 2010-11 में पूरा किया गया था। 2010-11 के मूल्य स्तर पर इस परियोजना की अनुमानित लागत 628 करोड़ रुपए और प्रतिफल की दर (-) 7.48 प्रतिशत थी। इस परियोजना के वित्तीय दृष्टि से अर्थक्षम न होने के कारण, इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

नवंबर 2018 में प्रक्षेपित लाइन का सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया था ताकि मौजूदा स्तर पर लागत का आकलन किया जा सके और इसका सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया था। इसके अलावा, सर्वेक्षण रिपोर्ट उपलब्ध होने के बाद ही, इस प्रस्ताव पर आगे विचार करना संभव होगा और उसके आधार पर परिणाम निश्चित किए जाएंगे।

कुपवाड़ा से ललाब तक रेल संपर्क के विस्तार के लिए कोई सर्वेक्षण पूरा नहीं किया गया है और इस समय कोई सर्वेक्षण विचाराधीन नहीं है।

******